DATE-01-09-2025

DANIK BHASKAR, PAGE-ii, SURAT

## मेट्रो ब्रिज का कार्य अंतिम चरण में

# अलथान चार रास्ता पर वीआईपी रोड दिवाली से पहले खुल जाएगा

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

अलथान चौकड़ी के पास मेट्रो प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य की वजह से वीआईपी रोड पिछले छह महीने से बंद है। इस कारण रोज करीब दो लाख लोगों को 1.5 से 2 किमी घूमकर जाना पड़ रहा है। अब वीआईपी रोड को दिवाली से पहले खोलने का निर्णय लिया गया है, क्योंकि पिलर बन गए हैं और गर्डर लॉन्च कार्य शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि नवंबर-2024 में यहां 120 दिन का ब्लॉक लेकर काम शुरू किया गया था। दावा किया गया था कि पिलर 15 दिन में तैयार हो जाएंगे और पूरा काम तय समय में पूरा कर लिया जाएगा। उसके बाद इसे एक्सटेंड कर दिया और सितंबर 2025 तक बढ़ा दिया गया।, जिससे समय, इंधन और पैसों की बर्बादी हो रही थी। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, अलथाण चार रास्ता पर पिलर कास्टिंग पूरी हो चुकी है और गर्डर लॉन्चिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है।